# जरूरतमंद लोगों को राशन सामग्री की विशेष किट वितरण



श्रीकृष्ण अन्न क्षेत्र संस्थान की ओर से जरूरतमंद लोगों को राशन सामग्री की विशेष किट का जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल ने वितरण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। जस्सूसर गेट के अंदर तथा बिनानी निवास के पीछे श्रीकृष्ण अन्न क्षेत्र संस्थान के द्वारा इस वर्ष भी दीपावली से पूर्व गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आज राशन सामग्री की विशेष किट वितरण की गई।

माहेश्वरी समाज के सामाजिक संवाददाता पवन कुमार राठी ने बताया कि आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बीकानेर जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल थी। सर्वप्रथम श्रीकृष्ण अन्न क्षेत्र की ओर से शीलू चांडक, माया चांडक तथा सरोज बिहानी ने संयुक्त रूप से जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल को ऊपरना ओढाकर स्वागत किया।

स्वागत उद्‌बोधन में जहां एक और श्रीकृष्ण अन्न क्षेत्र के संयोजक मगनलाल चांडक ने अपने शब्दों के माध्यम से अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने संस्था की स्थापना से वर्तमान तक किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी उपस्थित अतिथि को प्रदान की गई।

चांडक ने बताया कि संस्था की स्थापना आज से 27 वर्ष पूर्व की गई थी तब से लेकर वर्तमान तक निरंतर हर महीने लगभग 200 परिवारों को प्रत्येक महीने के प्रत्येक रविवार को 10 किलो गेहूं अथवा आटे की वितरण के साथ मिर्च-मसाले भी वितरित किए जाते हैं।

दीपावली से पूर्व बीकानेर मूल निवासी तथा वर्तमान कोलकाता प्रवासी स्व. जीवन लाल बाहेती परिवार की ओर से उनकी धर्मपत्नी रत्ना देवी बाहेती तथा सुपुत्र संजय बाहेती अपने परिवार के सामाजिक कार्यों का अनुसरण करते हुए गरीब, असहाय तथा जरूरतमंद लोगों को दीपावली पर बनाये जाने वाले विशेष पकवान लापसी की सामग्री, मखाने आदि का वितरण करते हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बीकानेर जेल अधीक्षक सुमन मालीवाल ने श्रीकृष्ण अन्न क्षेत्र संस्था की तारीफ करते हुए बताया कि वर्तमान में इस प्रकार के कार्यों की बहुत ही आवश्यकता है और यह सुविधा वर्तमान में इस संस्था द्वारा सीधी ही जरूरतमंद गरीब परिवार को उपलब्ध करवाई जा रही है जो कि निश्चित रूप से वास्तविक सेवा का कार्य माना जा सकता है।

जेल अधीक्षक ने उपस्थित महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि सहयोग लेना अच्छी बात है लेकिन इसके साथ-साथ अपने हुनर का उपयोग करते हुए सदैव अपनी जीविका उपार्जन हेतु निरंतर प्रयास करते रहना भी चाहिए।

श्रीकृष्ण अन्न क्षेत्र संस्था के सह संयोजक नारायण डागा ने बताया कि यह कार्यक्रम विगत 27 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार राठी ने किया। नारायण डागा ने बताया कि आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जहां एक और

- **श्रीकृष्ण अन्न क्षेत्र संस्थान द्वारा हर महीने लगभग 200 परिवारों को प्रत्येक महीने के प्रत्येक 10 किलो गेहूं अथवा आटे की वितरण के साथ मिर्च-मसाले भी वितरित किए जाते हैं**

पुरूष वर्ग में मगनलाल चांडक, जुगल राठी, सुशील थिरत्नी, गोपी किशन पेड़ीवाल, अशोक बागड़ी, पवन कुमार राठी, नारायण डागा, रमेश मुंधडा, किशन लोहिया, ओमप्रकाश करनानी, जुगल बिहानी, आनंद चांडक, राम सिंगी, अनिल चांडक, आनंद चांडक, राजेन्द्र चांडक, नारायण मोहता, राजकुमार चांडक, ऋषभ मोहता, नरेश सारडा, शिव ओझा, पुरुषोत्तम, किशन चांडक उपस्थित थे।

वहीं महिलाओं में मुख्य रूप से सरोज बिहाणी, शीलू चांडक, माया चांडक आदि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सहसंयोजक नारायण डागा ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शिक्षक संघ का जिला स्तरीय सम्मेलन 25 को

**बीकानेर,** (कासं) राज्य भर के प्रबोधक से लेकर प्राचार्य तक के शिक्षकों की मांगों के समाधान के लिए शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) जिला शाखा बीकानेर की जिला स्तरीय बैठक कर्मचारी मैदान में प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक की संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी ने कहा कि शिक्षा विभाग में चार सत्रों से पदोन्नति बकाया चल रही है जिससे स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। इसलिए जल्द पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करवाई जाएं। उप प्राचार्य के 50 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती करवाने की मांग रखी। जिला महामंत्री पवन शर्मा ने महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का परीक्षा परिणाम जल्द जारी करवाने व सभी संवर्गों के तबादले जल्द शुरू करवाने की मांग रखी व कहा कि रेसटा का जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन 25 व 26 अक्टूबर को बीकानेर जिला मुख्यालय पर आयोजित होगा।

बैठक में प्रदेशाध्यक्ष सलावद ने संघ लगातार शिक्षक सम्मान समारोह में आवेदनों की शाला दर्पण पर ऑनलाइन नंबर जारी करने की मांग कर रहा है। लेकिन नंबर जारी नहीं किए जिससे सम्मान समारोह की पारदर्शिता पर संशय बना हुआ है। प्रदेश कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर बिश्नोई ने कहा कि समग्र शिक्षा में विभिन्न पदों पर हुए इंटरव्यू के जल्द परिणाम जारी किया जाएं।

## सार-समाचार

### डॉ. मेघना शर्मा का सम्मान किया



विकसित भारत 2047 विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में एमजीएसयू की डॉ. मेघना शर्मा को सम्मानित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। एमजीएसयू बीकानेर द्वारा 18 व 19 अक्टूबर को आयोजित भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद की विकसित भारत 2047 विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में स्थानीय आयोजन सचिव के रूप में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देने हेतु नौ कुलपतियों द्वारा डॉ मेघना शर्मा का मंच से सम्मान किया गया। मेघना को सम्मानित करने वाले कुलपतियों में प्रो. मनोज दीक्षित, कुलपति महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, प्रो. गीतांजलि दास, कुलपति बहरामपुर, ओडिश, प्रो. एस. पी. शाही कुलपति, मगध विश्वविद्यालय पटना, प्रो. बिमल प्रसाद सिंह कुलपति, एस के विश्वविद्यालय, दुमका झारखंड, प्रो. सोमा भौमिक कुलपति, विलियम कैरे विश्वविद्यालय, शिलांग मेघालय, प्रो. संजीव कुमार शर्मा पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी बिहार, प्रो. ए. पी. पाढ़ी पूर्व कुलपति, बहरामपुर विश्वविद्यालय, ओडिशा, प्रो. एम. एल. छीपा पूर्व कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल, मध्यप्रदेश और महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर राजस्थान और प्रो. के जयप्रसाद पूर्व उप कुलपति, केरल विश्वविद्यालय शामिल रहे।

### गुरूनानक जयंती पर प्रभात फेरी

**बीकानेर,** (कासं)। गुरू नानकदेव के 555 वें जन्मोत्सव पर सिख समाज की ओर से करीब 26 दिनों तक शहर के हर गली मोहल्ले से सुबह 4:30 बजे से सात बजे तक प्रभात फेरी निकाली जायेगी। प्रभात फेरी में पुरूषों के अलावा महिलाएं और बच्चे भी शामिल होंगे। वाहनों पर निकलने वाली प्रभात फेरी में शामिल लोग अलग-अलग मोहल्लों में जाकर भजन-कीर्तन करेंगे। 17 अक्टूबर से शुरू हुई प्रभात फेरी 13 नवम्बर तक रोजाना निकाली जायेगी। गुरूद्वारा श्री गुरुनानक दरबार लालगढ़ की ओर से निकाली जा रही प्रभात फेरी अलग-अलग मोहल्लों में जाकर वापस गुरुद्वारा पहुंचकर पूरी होती है। शनिवार को प्रभात फेरी सुभाषपुरा और रामपुरा बस्ती पहुंची। सुभाषपुरा में सरदार सूबासिंह, सरदार जगदेवसिंह ढिल्लो, बीबी बलजिंदर कौर ने प्रभात फेरी का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। इस मौके पर फेरी में शामिल लोगों के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था की गई। इसके बाद रामपुरा बस्ती में विद्या भारती स्कूल के राजवीर सिंह यादव, गुरूद्वारा दशमेश दरबार इंदिरा कॉलोनी नहर परियोजना कॉलोनी के हजूरी ग्रंथी बाबा मनजीत सिंह एवं संगत ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। यहां प्रभातफेरी के पहुंचने पर बोले सो निहाल सतश्री अकाल के जैकारे लगे। यहां सरदार हरजीत सिंह बाबा, बीबी गुरमीत कौर, बीबी कमलजीत कौर, जसप्रीत कौर, नवजोत सिंह द्वारा शबद कीर्तन किया। प्रभातफेरी के वापस गुरूद्वारा श्री गुरूनानक दरबार लालगढ़ पहुंचने पर सरदार चरणजीत सिंह संधू, सरदार सुरेन्द्र सिंह ने संगत का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। यहां से रवाना होकर केसरीसिंहपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन की टक्कर से रविवार सुबह अधेड़ की मौत हो गई। अधेड़ नशे का आदी था। वह रविवार सुबह घर से खेत जाने का कहकर घर निकला था। इसी दौरान गांव दो टीके रेलवे अंडरब्रिज के पास वह ट्रेन की चपेट में आ गया। गांव मलकानां कलां का जसकरण सिंह पुत्र महेंद्र सिंह रविवार सुबह घर से खेत जाने का कहकर निकला था। सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह गांव दो टीके आरयूबी के पास पहुंचा। इसी दौरान श्रीगंगानगर-केसरीसिंहपुर पैसेंजर ट्रेन वहां पहुंच गई। वह इसकी चपेट में आ गया। लोको पायलट ने ट्रेन रोकी तब जसकरणसिंह जीवित था। उसने आसपास के लोगों की मदद से उसे ट्रेन में बैठाया और केसरीसिंहपुर स्टेशन ले आए। एम्बुलेंस 108 से अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र नरेन्द्र सिंह ने किसी भी तरह की कार्रवाई और पोस्टमार्टम से इनकार किया। मृतक के परिचितों ने बताया कि मृतक शराबी था।

### रावतसर में 6 सैम्पल लिए

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा दल की टीम ने रविवार को रावतसर में खाद्य सामग्री के 6 सैंपल संग्रहित किए। त्यौहार नजदीक होने के कारण चल रहे अभियान के तहत जिले में अधिक सैम्पल लेने की कार्यवाही की जा रही है ताकि मिलावट करने वालों पर नकेल कसी जायेगी। अक्टूबर माह में जिले में अब तक 111 सैम्पल लिए जा चुके हैं। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि मै. कुबेर डेयरी से घी, मै. बाबा खेत्रपाल डेयरी से गाय का दूध, मै. ओम डेयरी से घी, मै. हीरा डेयरी से घी, मै. बिजारणियां मिल्क डेयरी से दही, मै. न्यू श्री जोधपुर स्वीट्स से कलाकंद (मावा मिठाई) के नमूने लेकर बीकानेर स्थित जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में भिजवाया गया है। इसके अलावा खाद्य व्यवसायियों को साफ-स्वच्छ मिठाईयां बनाने, ढक कर विक्रय करने एवं दुकानों में साफ-सफाई रखने के लिए भी पाबंद किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण दल में एफएसओ रफीक मोहम्मद, गार्ड रामेश्वर वर्मा, गुरशरण सिंह एवं वाहन चालक बिट्टू उपस्थित रहे। डॉ. शर्मा ने बताया कि जिले में अक्टूबर माह में अब तक 111 सैम्पल लिए जा चुके हैं। डॉ. नवनीत शर्मा ने आमजन से अपील की कि मिलावट करने वाले खाद्य विक्रेता एवं अवधिपार सामग्री बेचने वाले वाले लोगों की जानकारी चिकित्सा विभाग के नम्बर 01552-261190 अथवा राज्य स्तरीय व्हाट्सएप नंबर 9462819999 पर दें ताकि जिले में शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई हो सके। इस पर शिकायत मिलने पर विभागीय टीम खाद्य पदार्थ की जांच करेगी और सैम्पल लेगी। इसके बाद रिपोर्ट आने पर न्यायालय की ओर से जुर्माना लगाया जायेगा।

# गिरफ्तारी पर परिजन अड़े, आश्वासन के बाद शव लिया

**बीकानेर,** (कासं)। उस्ताबारी इलाके में शनिवार को पिता-पुत्र पर चाकू से हमला करने और हमले में पिता की मौत हो गई। इस मामले में रविवार को यहां मोर्चरी के बाहर लोग एकत्रित हो गये इससे तनाव बढ़ गया। बाद में पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद मृतक का शव पोटमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा।

- **चाकूबाजी में मरे व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा**
- **गंभीर रूप से घायल बेटा भी अस्पताल में भर्ती**

इससे पूर्व भाजपा-कांग्रेस के नेताओं सहित समाज के लोग पीड़ित परिवार के समर्थन में आकर मोर्चरी के आगे धरने पर बैठ गए। हत्यारों के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा कर गिरफ्तार करने और पीड़ित के परिवार को सहायता देने की मांग पर अड़े हैं।

मोर्चरी के आगे बैठे नेताओं में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीलाल व्यास, भाजपा के वरिष्ठ नेता पार्षद शिवकुमार रंगा, आम आदमी पार्टी के पूनमचंद पुरोहित सहित बड़ी तादाद में समाज के प्रतिनिधि, पीड़ित परिवार के पक्षधर मोर्चरी के आगे पहुंचने लगे हैं। आक्रोशित लोगों की मांग है कि हत्या के सभी आरोपियों को सख्त धाराओं में गिरफ्तार करें। मामले की निष्पक्ष जांच हो और मृतक के परिवार को सहायता दी जाए।

मामला बढ़ता देख जहां नयाशहर थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहा। वहीं एडिशनल एसपी सौरभ तिवारी और अतिरिक्त कलेक्टर की भी आक्रोशित लोगों से बात होने की जानकारी मिली। बताया जाता है कि पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। ऐसे कोई सकारात्मक वार्ता होने के बाद मृतक के परिजन-प्रदर्शनकारी शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव लेंगे।

बीकानेर के उस्ता बारी क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते कुछ युवकों ने पिता महेश और उसके बेटे शंकर पर शनिवार को हमला बोल दिया था। चाकू से सीने ओर सिर पर वार किया गया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान पिता महेश की मौत हो गई। शंकर का अभी भी पीबीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में मृतक के भतीजे नरेंद्र ने नयाशहर थाने में मामला दर्ज कराया है। जिसमें ब्रह्मदेव श्रीमाली, रवि, रामेश्वर, आदित्य, सोनू और संजय श्रीमाली के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। इसमें ब्रह्मदेव सहित तीन को हिरासत में लिया जा चुका है। ब्रह्मदेव क्रिकेट खिलाड़ी रहा है।

## सात साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**नोहर,** (कासं)। अजीतगढ़ थाना पुलिस ने पशु चोरी के मामले में 7 साल से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

एसएचओ मुकेश कुमार सेपट ने बताया कि जमनाड़ी जुगलपुरा निवासी बंशीधर जाट ने मामला दर्ज कर आरोप लगाया था कि शाहपुरा की केर की चौकी निवासी प्रमोद कुमार,जाजे कला शाहपुरा निवासी विकास बलाई, लुहारास निवासी बलराम मीणा, कालवाड़ निवासी पप्पू बलाई, मनोहरपुर निवासी गोलू ने उसके बाड़े में घुसकर बकरी चोरी कर ले गए।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई नेकीराम ने शुरू कर दी थी। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर संपत्ति संबंधी अपराध कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अधिकारी मुकेश कुमार सेपट के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने जगह-जगह उनकी लोकेशन ट्रेस की।

## घर में घुसकर की चाकूबाजी, तीन घायल

**बीकानेर,**(कासं)। यहां चाकूबाजी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। उस्ताबारी क्षेत्र में शनिवार को एक की हत्या के कुछ घंटे बाद ही पूगल रोड पर एक घर में घुसकर चाकूबाजी कर तीन जनों को घायल कर दिया। जिसमें एक को गंभीर हालत में पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

पूगल रोड सब्जी मंडी के पास चाकूबाजी की घटना देर रात हुई है। असलम नामक एक युवक के घर पर पहुंचे युवकों ने मारपीट की और इसी दौरान किसी ने चाकू से वार कर दिया। इस दौरान असलम के साथ ही दो अन्य भी घायल हो गए। तीनों को पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां दो को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्‌टी दे दी गई लेकिन असलम को गंभीर स्थिति के कारण भर्ती करना पड़ा। घटना की जानकारी मिलने के साथ ही मुक्ता प्रसाद नगर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हमला करने वालों की धर पकड़ शुरू की गई। अब तक तीन युवकों को डिटेन किया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

- **पूगल रोड सब्जी मंडी के पास चाकूबाजी की घटना देर रात हुई**
- **एक ही दिन में दो जगह चाकूबाजी घटना हुई, पहली घटना उस्ताबारी क्षेत्र में हुई**

आज इनकी गिरफ्तारी हो सकती है। झगड़े के कारण का पता लगाया जा रहा है। एक ही दिन में दो जगह चाकूबाजी घटना हुई। पहली घटना उस्ताबारी क्षेत्र में हुई, जिसमें एक शख्स की मौत हो गई। मृतक का बेटा अब भी अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में भी पुलिस ने तीन को डिटेन किया है। वहीं सब्जी मंडी के पास एक युवक को गंभीर घायल किया है।

# पूनरासर से समंदसर सड़क के लिए 7.5 करोड़ की मंजूरी

**बीकानेर,** (कासं)। बजट में स्वीकृत श्रीडूंगरगढ़ से पूनरासर वाया समन्दसर सड़क को वित्तीय स्वीकृति जारी हो गई है। यह 22 किलोमीटर तक की सड़क साढ़े सात करोड़ की लागत से पूरी होगी।

सड़क बनने के बाद पूनरासर बालाजी धाम से श्रीडूंगरगढ़ सीधा जुड़ जायेगा। इसके अलावा पूनरासर की यात्रा में लगनेवाला समय भी घट जायेगा। इस वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों ने विधायक ताराचंद सारस्वत का आभार जताया।

इस स्वीकृति के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर है। पूर्व अध्यक्ष राजकीय डूंगर कॉलेज बीकानेर के मांगीलाल गोदारा ने बताया कि यह मांग आस-पास के ग्रामीण पिछले पांच सालों से कर रहे थे। पिछले विधानसभा व लोकसभा चुनावों में जनप्रतिनिधियों को मांग पत्र भी सौंपा था। यहां सड़क निर्माण से श्रीडूंगरगढ़ उपखंड मुख्यालय की गांव से दूरी आधी हो जायेगी। जिससे किसानों के ईंधन के साथ समय की भी बचत होगी।

- **यहां सड़क निर्माण से श्रीडूंगरगढ़ उपखंड मुख्यालय की गांव से दूरी आधी हो जायेगी**

इसके अलावा आवागमन के लिए यह मार्ग बेहद सुविधाजनक है। इस सड़क निर्माण के बाद कई गांवों के किसान सीधा मंडी से जुड़ जायेंगे। श्रीडूंगरगढ़ शहर से पूनरासर हनुमान धाम जाने वाले यात्रियों के लिए भी यह सीधा मार्ग है।

## अपना घर आश्रम में 6 प्रभुजी भर्ती

**नोखा,** (कासं)। रेस्क्यू अभियान में अपना घर आश्रम नोखा में 6 प्रभु जी का रेस्क्यू किया गया।

अपना घर आश्रम की अध्यक्ष किरण झंवर ने बताया कि अपना घर आश्रम और राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 13 अक्टूबर को रेस्क्यू अभियान शुरू हुआ था जो 19 अक्टूबर तक चलाया गया। जिसमें अपना घर आश्रम नोखा में बेसहारा बीमार लावारिस 6 प्रभुजनों का रेस्क्यू किया गया।

मनोज प्रभु को झझु से, आदित्य प्रभु को नोखा से, रावत मीणा प्रभु को नापासर से, लिखमाराम प्रभु को खींवसर से, सूरज प्रभु को खींवसर से, हुसैन प्रभु को नागौर से रेस्क्यू किया गया। इन प्रभु जी की हालत काफी खराब थी। इन प्रभु जी को अपना घर के साथियों ने रेस्क्यू करके अपना घर आश्रम नोखा में भर्ती किया गया है। यहां पर इनका इलाज व सेवा की जायेगी।

# अवैध हथियार सहित चार बदमाश गिरफ्तार

**बीकानेर,** (कासं)। डीएसटी और अलग-अलग थानों की पुलिस ने अवैध हथियार रखने और सोशल मीडिया पर अपलोड करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनसे पांच अवैध पिस्टल और चार मैग्जीन बरामद की गई है।

डीएसटी और साइबर सेल को सूचना मिली कि बीकानेर में कुछ बदमाशों के पास अवैध हथियार हैं और वे सोशल मीडिया पर अपलोड भी कर रहे हैं। छानबीन कर अभियुक्तों को नामजद किया। डीएसटी टीम ने मुक्ताप्रसाद नगर थाना पुलिस के साथ बंगला नगर के पीछे रहने वाले अशोक सोनी से अवैध पिस्टल, बज्जू में फूलासर निवासी रामचन्द्र खीचड़ से अवैध देशी पिस्टल और दो खाली मैग्जीन, नागौर के अमरपुरा में कायमखानियों की ढाणी निवासी आमीन से देशी पिस्टल बरामद की।

- **डीएसटी और साइबर सेल को सूचना मिली कि कुछ बदमाशों के पास अवैध हथियार हैं और वे सोशल मीडिया पर अपलोड भी कर रहे हैं**

इसके अलावा बज्जू खालसा निवासी विकास सारण से दो देशी पिस्टल और दो अतिरिक्त मैग्जीन बरामद की गई है। चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

अभियुक्तों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इनमें से आमीन और अशोक आदतन अपराधी हैं। आमीन के खिलाफ नोखा, सदर, गंगाशहर, मुक्ताप्रसाद नगर, नागौर कोतवाली, नागौर सदर, नागौर मूंडवा थाना सहित 18 मुकदमे दर्ज हैं।

अशोक सोनी के खिलाफ 24 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। विकास पर भी जसरासर और भोजासर में तीन मुकदमे दर्ज हैं। अवैध हथियार पकड़ने वाली टीम में सीओ सदर आईपीएस विशाल जांगिड़, डीएसटी प्रभारी सत्यनारायण गोदारा, सदर थाना एसएचओ कुलदीप चारण, साइबर सेल के एएसआई दीपक यादव, दिलीप सिंह सहित अनेक पुलिसकर्मी शामिल थे।

# मंडल समिति की बैठक में मन्दिर प्रांगण के विकास और संरक्षण पर की चर्चा

**बीकानेर,** (कासं)। श्याम बाल सकीर्तन मण्डल समिति सार्वजनिक प्रन्यास बीकानेर की आम सभा की बैठक आज समिति के महासचिव सुरेश भसीन के निवास पर अखिलेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रन्यास से जुड़े, न्यासी, विशिष्ट सदस्य एवं साधारण सदस्य उपस्थित हुए।

इस अवसर पर प्रन्यास द्वारा समय समय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के अतिरिक्त मन्दिर प्रांगण के विकास और संरक्षण पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रन्यास के न्यासी व महासचिव सुरेश भसीन ने बताया कि इस बैठक में मन्दिर के संचालन और प्रन्यास के गठन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। उन्होंने बताया कि साधारण सभा ने मंदिर में प्रशासनिक व आर्थिक दृष्टि से हो रही अनेक अनिमितताओं पर चिंता प्रकट की है।



श्री श्याम बाल संकीर्तन मण्डल समिति सार्वजनिक प्रन्यास की आम सभा में मन्दिर प्रांगण के विकास और संरक्षण पर चर्चा करते पदाधिकारी।

अनियमिताओं की जानकारी मिली है जिन्हें सत्यापित करने पर तथ्य सही पाये गए है। उन्होंने बताया कि प्रन्यास के कतिपय सदस्य, प्रन्यास संविधान के बाहर जाकर अपने हितों की पूर्ति कर रहे हैं जो श्री श्याम बाल संकीर्तन मण्डल समिति के मंशा और हितों के विपरीत है।

सुरेश भसीन ने बताया कि आम सभा द्वारा 26 जुलाई 2024 को बगैर कोरम की पूर्ति के बुलाई गई तथाकथित आम सभा को असंवैधानिक करार दिया। ऐसे किसी भी निर्णयों को विधि सम्मत नहीं माना और अमान्य घोषित कर दिया। आम सभा द्वारा सर्व सम्मति से लगातार अनुशासनहीनता के चलते अपने दायरे से बाहर जा कर असंवैधानिक गतिविधियों में लिप्त पाये जाने पर प्रन्यास के न्यासी सदस्य सुभाष मित्तल पद से हटाने का निर्णय लिया गया। वित्तीय अनियमितता के चलते दानदाताओं द्वारा दी गई राशि का दुरूपयोग करने, लेखा जोखा प्रस्तुत नहीं करने पर हटाने को निर्णय लिया।

- **प्रन्यास के न्यासी सदस्य सुभाष मित्तल को हटाने का निर्णय लिया**

# 100 नए सदस्य बनाने वाले को सक्रिय सदस्य बनाया जायेगा

**बीकानेर,** (कासं)। भाजपा सदस्य अभियान 2024 के सक्रिय सदस्यता अभियान की लांचिंग आज भाजपा संभाग कार्यालय में शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अध्यक्षता में की गई।

इस अवसर पर विधायक सिद्धि कुमारी, महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, उप महापौर राजेन्द्र पंवार के साथ जिला पदाधिकारियों को सक्रिय सदस्य बनाया गया। शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने बताया विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा एक राष्ट्रनिष्ठ, लोकनिष्ठ, कर्तव्यनिष्ठ और कार्यकर्ता आधारित दल है। देवतुल्य कार्यकर्ता ही हमारी शक्ति और सामर्थ्य है। सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में बूथ व विधानसभा क्षेत्र में 100 नए सदस्य बनाने वाले बीजेपी कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनाया जायेगा। इसके माध्यम से राष्ट्र प्रथम को जीवन का ध्येय बनाने वाले कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनाया जा रहा है। सक्रिय सदस्यता अभियान सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को देश हित के लिए काम करने की नई ऊर्जा देगा। सक्रिय सदस्य बनने से ही आपको मंडल, जिला और राष्ट्रीय स्तर पर सेवा करने का अवसर मिलेंगे। आज प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सत्यप्रकाश आचार्य, जिला महामंत्री मोहन सुराणा, नरेश नायक संयोजक सक्रिय सदस्यता अभियान, श्याम सुंदर चौधरी, आनंद सिंह भाटी, महावीर चरण, अशोक मीणा, अशोक चांवरिया को भी सक्रिय सदस्य बनाया गया।




भाजपा जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, विधायक सिद्धि कुमारी, महापौर सुशीला राजपुरोहित ने भाजपा की सक्रिय सदस्यता ली।